दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 04 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– कांग्रेस जाति के आधार पर हिन्दुओं को बांटने का काम कर रही है।
02. राज्य सरकार ने कहा– जाति आधारित गणना की विस्तृत रिपोर्ट डेढ़ महीने बाद जारी की जायेगी। विधान मंडल में भी पेश होगी रिपोर्ट।
03. रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आज नई दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश होंगे।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, रोहतास, औरंगाबाद, सुपौल, गया, बक्सर, अररिया और गोपालगंज सहित उन्नीस जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

अब समाचार विस्तार से.........

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर हमला करते हुए कहा है कि कांग्रेस अधिक आबादी के आधार पर हक की बात कर रही है। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस हिन्दुओं को बांटने की कोशिश कर रही है।

———बाईट——

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्चा बढ़ाकर दस लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

———बाईट——

विकसित भारत के लिए फिजिकल डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर भी भविष्य की जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए। यही वजह है हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड रुपए कर दिया है। ये पहले के मुकाबले 6 गुना ज्यादा है।

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब देश का हर राज्य, हर जिला और हर गांव विकसित होगा।

————————————————————————————————

प्रदेश में जातीय आधारित गणना की विस्तृत रिपोर्ट डेढ़ महीने बाद जारी की जायेगी। विस्तृत रिपोर्ट में आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े भी शामिल होंगे। राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण

की रिपोर्ट पर पटना में सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी रिपोर्ट विधान मंडल में भी पेश की जायेगी। श्री कुमार ने कहा कि जाति सर्वेक्षण विस्तृत और व्यापक प्रकृति का है। उन्होंने कहा कि इसमें समाज के सभी वर्गों की आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का ख्याल रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब वर्ग और वंचित वर्ग का उत्थान करना है। श्री कुमार ने कहा कि यह नीति निर्माण और जन कल्याण योजनाओं के लिए दृष्टि प्रदान करेगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, जनता दल–यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य दलों के नेता तथा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

राज्य में जाति सर्वेक्षण की अनुमति देने से संबंधित पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट छह अक्टूबर को सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई तीन अक्टूबर तक टाल दी थी।

---

कृषि विभाग ने अनुसूचित जाति और जनजाति के समान ही अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ईबीसी के किसानों को भी कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान देने का निर्णय लिया है। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने बताया कि प्रदेश में ईबीसी किसानों की हालत अच्छी नहीं है। इस लिए कृषि यांत्रिक योजना के तहत इन किसानों के लिए अनुदान प्रावधान किया गया है। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए बीस हजार रूपये तक के कृषि यंत्रों पर तीन वर्ष पुरानी रसीद के आधार पर भी योजना का लाभ देने का निर्णय किया गया है। इसके अलावा छोटे कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए एलपीसी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है।

---

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन हितैषी योजना के कारण उनकी लोकप्रियता दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में श्री मोदी की लोकप्रियता में अट्हत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है क्योंकि वह हमेशा अपनी बात के प्रति सच्चे रहते हैं और काम करने में विश्वास रखते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की केंद्रीय योजनाएं हमेशा देश के गरीबों, खासकर महिलाओं के हित में हैं।

---

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आज नई दिल्ली की सीबीआई अदालत में पेश होंगे। इस मामले में सीबीआई ने पहली बार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है। इन सभी का पक्ष सुनने के बाद विशेष अदालत मामले में

आरोप गठित करेगी। गौरतलब है कि इस मामले में सीबीआई ने मई दो हजार बाईस में लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया था।

———————————————————————————————————

प्रदेश में न्यायिक सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ईडब्लूएस को दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुयी राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में चौदह अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी। बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य न्यायिक सेवा के दिशा–निर्देशों में संशोधन को मंजूरी दी गयी है। जिससे न्यायिक सेवाओं और राज्य संचालित निजी संस्थानों तथा विश्वविद्यलायों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की सुविधा होगी।

———————————————————————————————————

प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम के अंतर्गत रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाकर पचास लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं की शहरी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत इस कार्यक्रम के जरिये लाभार्थियों को औपचारिक आर्थिक दायरे में शामिल करने और विकास के नये अवसर प्रदान करने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य इस कार्यक्रम की पहुंच का विस्तार करने का रहा है। मंत्रालय ने इस वर्ष पहली जुलाई से इस कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया।

———————————————————————————————————

आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत करीब चौंसठ हजार लोगों ने अपने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह अभियान इस वर्ष सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी अंगदान के लिए पंजीकरण कराया है। श्री मांडविया ने कहा है कि आयुष्मान भव अभियान बहुत सफल रहा। उन्होंने बताया कि लगभग दो लाख सत्तर हजार स्वास्थ्य मेले आयोजित किये गये। एक करोड़ इकसठ लाख से अधिक लोगों ने इसका लाभ लिया है।

———————————————————————————————————

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से बारिश का सिलसिल जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, रोहतास, औरंगाबाद, सुपौल, गया, बक्सर, मुजफ्फरपुर, अररिया और

गोपालगंज सहित उन्नीस जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी भी जारी की गयी है।

———बाईट——

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के चेनारी में सबसे अधिक बयासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। लगातार बारिश से कैमूर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां उफान पर हैं। जिला प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आपात टीमों को हाई अलर्ट पर रखा है।

———————————————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू पीड़ितों की संख्या सात हजार के पार पहुंच गयी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ निन्नयानवे नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें पटना में सबसे अधिक अड़सठ नए मामले मिले हैं। भागलपुर में सोलह, सारण में पंद्रह और भोजपुर में तेरह नए मामले मिले है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है। वरिष्ठ चिकित्सक **डॉक्टर वरूण प्रभा** ने बताया कि यदि किसी में डेंगू के लक्षण मिलते हैं तो उसे तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।

———बाईट——

———————————————————————————————

पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति और निगम प्रशासन के बीच कल हुयी वार्ता में अधिकतर मांगों पर सहमति बन गयी है। इधर, पटना के शहरी इलाकों में पिछले तेरह दिनों से जारी हड़ताल के कारण गली—मोहल्लों में कचरे के ढ़ेर से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————————————

हांगचोओ एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। खेलों के दसवें दिन कल भारत को दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक मिले हैं। पदक तालिका में भारत पंद्रह स्वर्ण, छब्बीस रजत और अट्ठाईस कांस्य पदकों के साथ कुल उनहत्तर पदक लेकर चौथे स्थान पर है। आज मुक्केबाजी में लवलीना बोर गोहेन और भालाफेक में नीरज चोपड़ा अपना स्वर्णिम पदक सुनिश्चित करने के लिए उतरेंगे।

———————————————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

जाति आधारित गणना की रिपोर्ट से जुड़ी खबर को **हिन्दुस्तान** अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– सभी दलों की राय से राज्य के हित में करेंगे काम।

इस खबर को **दैनिक जागरण** ने अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखा है– बैठक में मुखर रही आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी के बात सर्वदलीय बैठक में भाजपा और हम ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट में त्रुटी को दूर करने की व्यवस्था पर रखी अपनी बात।

जातिगत गणना पर प्रधानमंत्री के बयान को **आज** अखबार ने सुर्खी बनायी है– प्रधानमंत्री ने कहा– मेरे लिए गरीबी सबसे बड़ी आबादी। **दैनिक भास्कर** का शीर्षक है– सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द।

**प्रभात खबर** का शीर्षक है– सात सौ नोटरी पब्लिक की नियुक्ति जल्द, चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में।

**राष्ट्रीय सहारा** ने एशियन गेम्स की खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है– दसवें दिन भारत ने जीते दो गोल्ड। पदक तालिका में भारत पंद्रह गोल्ड, छब्बीस रजत और अट्ठाईस रजत पदक के साथ चौथे स्थान पर।

———————————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– कांग्रेस जाति के आधार पर हिन्दुओं को बांटने का काम कर रही है।

02. राज्य सरकार ने कहा– जाति आधारित गणना की विस्तृत रिपोर्ट डेढ़ महीने बाद जारी की जायेगी। विधान मंडल में भी पेश होगी रिपोर्ट।

03. रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आज नई दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश होंगे।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, रोहतास, औरंगाबाद, सुपौल, गया, बक्सर, अररिया और गोपालगंज सहित उन्नीस जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।